**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# अब नहीं सहनी होगी टैक्सी संचालकों की मनमानी...

**राहत**

## छह माह के लंबे इंतजार के बाद पिथौरागढ़ से राजधानी के लिए शुरू हुई सीधी बस सेवा

- यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग भी की गई
- झूलाघाट व धारचूला के लिए बस सेवा शुरू होने में अभी फिलहाल संशय बरकरार

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। आखिरकार छह महीने के लंबे इंतजार के बाद जिले से देश की राजधानी के लिए सीधी बस सेवा को सुचारू कर दिये जाने से जिले के लोगों ने राहत की सांस ली है।

बता दें कि लॉकडाउन के कारण पिछले छह माह से जिले से रोडवेज की बस सेवा के बंद होने से राजधानी व बाहर के जिलों के लिए अब तक तक जिले के लोगो को सफर के लिए प्राइवेट टैक्सी संचालकों पर निर्भर रहने के साथ मोटी रकम देने पर भी सफर आरामदायक नही मिल पा रहा था।

बीते बुधवार की दोपहर से जिले से राजधानी दिल्ली तक के लिए



जिले के रोडवेज परिवहन निगम ने अपनी बस सेवा शुरू कराकर जिले के गंभीर रूप से बीमार व इलाज के लिए परेशान रहने वालों के साथ ही सफर में अब तक सुविधा से वंचित रहने वाले लोगों को राहत प्रदान कर दी है।

लाकडाउन के बाद से ही जिले में बस सेवा बंद चल रही थी। एक पखवाड़े के बाद पिथौरागढ़ से टनकपुर और हल्द्वानी के साथ ही अब दिल्ली के लिए सीधी बस सेवा शुरू कर दी गई है। लंबे समय से यह मांग उठ रही थी कि जिले से दिल्ली के लिए सीधी बस सेवा शुरू की जाये। लंबे छह माह के इंतजार के बाद आखिरकार जिले के लोगों के लिए रोडवेज परिवहन निगम ने सीधी बस सेवा का रास्ता खोलकर लोगों को अब प्राइवेट टैक्सी संचालकों की मनमानी व मोटी रकम देकर सफर करने से बचा लिया है।

बीते बुधवार राज्य सरकार ने जिले से सीधे राजधानी के लिए बस सेवा शुरू कराये जाने के लिए परिवहन निगम को अनुमति की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

जिले से वाया टनकपुर व और वाया हल्द्वानी होते ही एक–एक बस फिलहाल चलनी शुरू हो गई है। पहले दिन करीबन सैंतीस लोगों ने रोडवेज बस सेवा के शुरू होने पर सफर तय किया। वही इन यात्रियों की थर्मल स्क्रीनिंग भी की गई। गुरुवार से देहरादून के लिए बस सेवा को भी शुरू कर देने की जानकारी मिली है। झूलाघाट व धारचूला के लिए बस सेवा शुरू होने में अभी फिलहाल संशय बरकरार है।

## न्यूज डायरी

### रावत के नगर कांग्रेस अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं में खुशी

**संवाददाता** पुरोला। कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी के आदेशानुसार जिला कांग्रेस ने यमुना घाटी में कांग्रेस कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए पुरोला नगर क्षेत्र के जयेन्द्र सिंह रावत व नौगांव के आशीष रावत को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। जिससे क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है और प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। वहीं पुरोला के नव नियुक्त नगर अध्यक्ष जयेन्द्र सिंह रावत ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह चौहान विधायक राजकुमार व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा व पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का धन्यबाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दिये गए कार्यों को सभी समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस के मजबूती के लिए बूथ स्तर तक कार्य करेंगें तथा वर्तमान की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के लिए संघर्ष करना व जन जन को जागरूक करना प्राथमिकता होगी।

### अटल रियलटेक लिमिटेड ने आईपीओ लॉन्च किया,जो 7 अक्टूबर को बंद होगा

**संवाददाता** देहरादून। अटल रियलटेक लिमिटेड ने आईपीओ लॉन्च किया। 2012 में शामिल हुई अटल रियलटेक लिमिटेड एक निर्माण कंपनी है, जो मुख्य रूप से विभिन्न सरकारी और निजी परियोजनाओं के अनुबंध और उप–अनुबंध करती है। अटल रियलटेक लिमिटेड इस सप्ताह में ही एसएमई आईपीओ के माध्यम से कैपिटल मार्केट में प्रवेश कर रही है। यह 10 रुपए प्रति शेयर कीमत के 15,04,000 इक्विटी शेयर जारी करेगी, जिसमें हर शेयर का निश्चित मूल्य 72 रुपए होगा। इसके माध्यम से कंपनी 10 .83 करोड़ रुपए अर्जित करेगी। कंपनी का इश्यू फिलहाल खुला है और 7 अक्टूबर, 2020 को बंद होगा। ग्राहकों को कम से कम 1600 शेयर खरीदना अनिवार्य है, इससे अधिक शेयर लेने के इच्छुक आगे गुणकों में शेयर खरीद सकते हैं।

### भारत के सर्वश्रेष्ठ टीचर्स वेदांतु से जुड़े

**संवाददाता** देहरादून। भारत के सर्वश्रेष्ठ टीचर्स, जिन्होंने दो दशकों से जेईईनीट में ऑल इंडिया टॉप रैंकर्स दिए हैं, अब वेदांतु से जुड़ गए हैं। वेदांतु के–12 श्रेणी के लिए भारत का अग्रणी लाईव ऑनलाईन ट्यूटरिंग प्लेटफॉर्म है। के–12 श्रेणी में वेदांतु टेस्ट प्रिपरेशन के सेगमेंट में विशेषज्ञ है, जिसके 370 से ज्यादा विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स 2020 में 99 पर्सेंटाईल अर्जित की। वेदांतु के विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय यहां के कंटेंट, प्लेटफॉर्म एवं टीचर्स को जाता है। ये टीचर्स पूरे देश में अत्यधिक अनुभवी शिक्षाविद हैं। यह टीम मिलकर जेईई एवं नीट में सर्वश्रेष्ठ रैंक देने वाली टीम है, जो ऑनलाईन लर्निंग में ढल चुकी है। यह टीम अब भारत के नंबर 1 लाईव ऑनलाईन ट्यूटरिंग प्लेटफॉर्म – वेदांतु पर पूरे देश के विद्यार्थियों को उपलब्ध है।

## राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा ने मनाया काला दिवस

**संवाददाता**

पुरोला। पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर एक अक्टूबर को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा जनपद उत्तरकाशी की पुरोला शाखा ने पुरानी पेंशन की बहाली को ले कर काला दिवस मनाया।

सयुंक्त मोर्चा के सदस्यों ने गुरुवार को बी आर सी कार्यलय में सयुंक्त मोर्चे के जिलाध्यक्ष गुरुदेव रावत की अध्यक्षता में बैठक कर पुरानी पेंशन की बहाली को ले कर चर्चा की गई मोर्चे के जिलाध्यक्ष रावत ने बताया कि पुरानी पेंशन की बहाली को ले कर पूरे देश मे मुहिम चलाई जा रही है जिसे ले कर आज राष्ट्रीय पुरानी बहाली सयुंक्त मोर्चा सम्पूर्ण देश मे काला दिवस के रूप में मना रहा है रावत ने बताया



मोर्चा के सदस्यों ने काली पट्टी बांध कर जताया विरोध

कि मुहिम के तहत आज पुरोला में भी मोर्चा के सदस्य काली पट्टी बांध कर काला दिवस मना रहे है रावत ने बताया कि यदि शीघ्र ही पुरानी पेंशन की बहाली नही की जाती है तो मोर्चे के निर्देश अनुसार सम्पूर्ण देश मे उग्र आंदोलन किया जयेगा बैठक में राजकीय शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष दीपक नेगी,जयबीर रावत,दिनेश रावत,धर्मेंद्र जगूड़ी,देवेश सेमवाल, कृष्णा बर्तवाल आदि लोग उपस्थित रहे।



### हाथरस की पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए निकाला कैंडिल मार्च

**संवाददाता** पिथौरागढ़। हाथरस की दुराचार पीड़िता की मौत पर तमाम संगठनों ने गहरा शोक जताया है। संगठनों ने आरोपियों को हर हाल में फांसी की सजा दिए जाने की मांग उठाई है। जिले के बाल्मिकि पार्क में तमाम संगठनों ने कैंडल जलाकर दुराचार पीड़िता को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि दलित समाज की बेटी के साथ दुराचार की इन घटनाओं ने पूरी व्यवस्थाओं पर सवाल खड़ा कर दिया है। मानवता को शर्मशार करने वाली इस घटना के दोषियों को अविलंब फांसी की सजा दी जाए। जिले के गांधी चौक सिल्थाम होते हुए सिमलगैर से रामलीला मैदान तक कैंडिल मार्च निकाला।

## हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं सहेंगेः आप

**संवाददाता**

देहरादून। मां गंगा के नाम को लेकर, करोड़ों हिंदुओं की आस्था से खेल रही बीजेपी इस मसले पर समाधान के बजाय इसको राजनीति में उलझाने का काम कर रही है। मां गंगा को नहर का नाम देकर बीजेपी भी कांग्रेस की तरह चंद लोगों के फायदे को लेकर , करोड़ों हिन्दुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है जिसे आम आदमी पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

उक्त आरोप आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनन्द ने एक पत्रकार वार्ता में लगाए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी मानती है हरीश रावत की

**गंगा पर सियासत नहीं समाधान चाहिएः रविंद्र सिंह आनन्द**

सरकार में इसको नहर का दर्जा मिला, लेकिन बीजेपी तो इस मुद्दे को लेकर चुनाव में जनता के बीच गई और सरकार बनते ही 24 घंटे के अंदर इसको बदलने का दावा किया, लेकिन आज साढे तीन साल से ज्यादा का समय बीत गया परंतु बीजेपी ने इस पर कुछ नहीं किया। प्रदेश के मुखिया त्रिवेंद्र सिंह रावत भी इस पर चुप्पी साधे बैठे है। जो गलती कांग्रेस सरकार ने की ,बीजेपी वहीं गलती दोहरा रही है।

मुख्यमंत्री जानते हैं कि एक शासनादेश पास करके इसको महज 5 मिनट में किया जा सकता लेकिन लगता है बीजेपी भी उन्हीं चंद लोगों के फायदे के लिए करोड़ों हिन्दुओं की आस्था साथ मां गंगा के आस्तित्व के साथ भी खिलवाड़ कर रही है। अपनी गलती को सुधारने के बजाय बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत इस मामले में आप पार्टी पर जो अनर्गल बयानबाजी कर रहे। आनन्द ने कहा,जिस मुद्दे को लेकर बीजेपी चुनाव में गई और प्रचंड बहुमत की सरकार बनाई आज मां गंगा के उस मुद्दे पर समाधान के बजाय सियासत कर रही है मां गंगा इनको कभी माफ नहीं करेगी। आज हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ कर रही बीजेपी भी उन चंद लोगों के साथ हो गई जिसके लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ये गलती की थी।

## टैंक के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर एसडीएम को शिकायत

**संवाददाता** मुनस्यारी। जल निगम की मुनस्यारी पेयजल योजना के एक ओर टैंक के निर्माण में घटिया किस्म की निर्माण सामाग्री का प्रयोग करने का मामला प्रकाश में आया है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने इसकी भी शिकायत एसडीएम अभय प्रताप सिंह को करते हुए जांच करने की मांग की। 1करोड़ 74 लाख रुपये की मुनस्यारी पेयजल योजना लगातार विवाद में पड़ती जा रही है। इस योजना के अंतर्गत एक दूसरा टैंक पशुपालन विभाग की जमीन पर बन रही है। इस टैंक में भी जो बजरी, सीमेंट,कंकड का प्रयोग किया जा रहा है। वह एकदम घटिया किस्म की है। टंकी के साइज को लेकर भी जनता को शंका हो रही है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने गुरूवार को इस निर्माण कार्य का मुआयना किया। मर्तोलिया ने कहा कि हम अब चुप नहीं बैठने वाले है, जिस अंधेरगर्दी से काम किया जा रहा है।